चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : सम्बद्धता/3808
दिनांक :– 01.10.2022

सेवा में,

सचिव/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध बी0एड0 संस्थान/महाविद्यालय,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध बी0एड0 संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों के भौतिक सत्यापन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

जैसा कि विदित है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की कार्यपरिषद की आहूत बैठक दिनांक 11.08.2021 में पारित आदेशों के अनुपालन में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से सम्बद्ध बी0एड0 संस्थानों में हो रही अनियमितताओं की जाँच एवं संस्थान में कार्यरत शिक्षकों के भौतिक सत्यापन हेतु जनपदवार जाँच समितियों का गठन किया गया है।

उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय कार्यपरिषद की आहूत बैठक दिनांक 29.09.2022 में निर्णय लिया गया है कि पूर्व में गठित जाँच समितियों द्वारा दिनांक 10.10.2022 से दिनांक 20.10.2022 तक बी0एड0 संस्थानों में कार्यरत शिक्षकों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप विश्वविद्यालय कार्यपरिषद द्वारा नियुक्त जाँच समितियों को जाँच में सहयोग प्रदान करें। यदि जाँच समिति द्वारा कोई संस्थान के विरूद्ध असहयोग किये जाने सम्बन्धी शिकायत विश्वविद्यालय को प्रस्तुत की जाती है तो उक्त संस्थान के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

भवदीय,
30.09.2022
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–
01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
02. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
03. वित्त अधिकारी महोदय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
04. समिति के मा0 सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. प्रभारी वेबसाइड, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

कार्यालय अधीक्षक (सम्बद्धता)